**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**
**संख्या-399/49/चार/आयोग/2019**
**लखनऊ दिनांक- 15 जुलाई, 2023**

**<u>आवश्यक सूचना</u>**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/08 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल 1262 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से दिनांकः 21-11-2022 से 14-12-2022 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-9 चयन का आधार (केवल लिखित परीक्षा) के क्रम में विज्ञापन के प्रस्तर-10 में प्रकाशित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम में शैक्षिक अर्हता के आधार पर दिये जाने वाले अधिकतम 30 अंक तथा खिलाड़ियों को दिये जाने वाले अधिकतम 05 अंक की व्यवस्था को परीक्षा योजना से समाप्त करते हुए शासन द्वारा अनुमोदित लिखित परीक्षा हेतु 100 अंकों की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम को आयोग की आवश्यक सूचना संख्या- 305/04/25/ चार/आयोग/2021, दिनांक- 05-06-2023 प्रकाशित किया गया था।

उक्त के साथ अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि विज्ञापन के प्रस्तर-6(2) में उल्लिखित है कि अभ्यर्थियों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी टंकण में क्रमशः 25 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति होना आवश्यक है, जिसके परीक्षण हेतु प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर टंकण परीक्षा हेतु अर्ह घोषित अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण में टंकण दक्षता परीक्षण कम्प्यूटर/लैपटाप पर आयोग द्वारा आयोजित की जायेगी। यह टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी।

आयोग के विज्ञापन संख्या- 08-परीक्षा/2022, आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-305/04/25/चार/आयोग /2021, दिनांक- 05-06-2023 तथा आयोग की आवश्यक सूचना संख्या- 57/03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)2023 /08-परीक्षा/2022, दिनांक- 13-07-2023 को उक्तानुसार संशोधित समझा जाये।

15.07.2023
(विधान जायसवाल)
परीक्षा नियंत्रक।